## सार-समाचार

### पूर्व छात्रों का महासंगम कार्यक्रम आज

**उदयपुर, (कासं)।** आलोक विद्यालय फतेहपुरा के पूर्व छात्र, छात्राओं का महासंगम कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 2 बजे ओकेजन गार्डन के नवनिर्मित भव्य बैंक्वेट हॉल में होगा। शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूम दिया गया।कार्यक्रम संयोजक के.के. कुमावत ने बताया कि महासंगम कार्यक्रम में यूएसए , सऊदी अरब ,कुवैत ,सहित देश के विभिन्न भागों मुंबई ,चेन्नई, कोलकता ,सूरत ,बड़ौदा, अहमदाबाद, सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में रह रहे पूर्व छात्र और छात्राएं सहित अध्यापक भी इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उदयपुर आ रहे हैं। कार्यक्रम सहसंयोजक जितेश कुमावत , विशेष सहयोगी हिमांशु चैधरी ने बताया कि कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में लगभग 800 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के अशोक प्रजापत , युसूफ मिश्री ने बताया कि आलोक विद्यालय फतेहपुरा के प्रशासक निश्चय कुमावत के नेतृत्व में विद्यालय के 51 छात्र-छात्राएं और अध्यापक पूर्व छात्रों को तिलक लगाकर मौली बांधकर ,गुलाब पुष्प भेट कर एवं उनको उपरणा पहना कर स्कूल घोष के साथ उनका भव्य स्वागत अभिनंदन करेंगे। आयोजन समिति के राजीव सुखवाल एवं वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के साथ-साथ शुरू होकर , बचपन की पुरानी यादों को ताजा करते हुए सामूहिक प्रार्थना और गीत के साथ होंगे। कार्यक्रम में बैंक्विट हॉल की गैलरी में आलोक भीष्म पितामह आचार्य श्यामलाल कुमावत और महा अभिनंदन होने वाले गुरु नारायण लाल शर्मा के बड़े-बड़े कट आउट एवं कोलाज लगाए गए हैं । साथ ही आलोक में अध्यापन का कार्य कर चुके सभी गुरुजनों के भी पोस्टर बैनर कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए हैं। कार्यक्रम सहयोगी योगेश कुमावत एवं डॉक्टर लोकेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम ढाई बजे से 3रू45 तक (हाइ टी) चाय पर छात्र-छात्राएं एवं गुरुजन आपस में चर्चा करेंगे 4 से 5 बजे तक उद्घाटन सत्र रहेगा 5रू00 बजे से 6रू00 बजे तक विभिन्न गुरुजनों का अभिनंदन सम्मान का कार्यक्रम रहेगा एवं 6रू30 से 8रू00 बजे तक पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अपने अनुभव के साथ मन की बात मंच पर साझा करेंगे रात्रि 8रू15 बजे गुरुवर नारायण शर्मा का महा अभिनंदन कार्यक्रम होगा ।उसके पश्चात रात्रि भोज रहेगा

### जिला किसान प्रतिनिधी सभा संपन्न

**मंडफिया, (निसं)।** भारतीय किसान संघ जिला चित्तौड़गढ़ की जिला प्रतिनिधी सभा शुक्रवार को मंडफिया कस्बे में स्थित कबूतर खाने के पास एक निजी वाटिका में आयोजित हुई। जिसमे जिलाध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया कि जिला प्रतिनिधी सभा में चित्तौड़गढ़ जिले की सभी तहसीलों की कार्यकारणीयों के सदस्य एवं ग्राम इकाइयों के प्रभारी सदस्य और जिले में निवास कर रहे संभाग, प्रान्त, प्रदेश भर के दायित्वान कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहीं हैं। प्रतिनिधी सभा को संबोधित करते हुए प्रान्त महामंत्री अम्बा लाल ने बताया कि इस देश की आबादी का 70 प्रतिशत किसान है। किसान संगठित नही होने से उनकी समस्या को समाधान नहीं कर पाता है। यह वर्ष भारतीय किसान संघ का संगठन वर्ष है। इस दौरान संगठन को मतबूत करना होगा। संभाग अध्यक्ष रतन सिंह ने बताया कि बीज प्रबंध किसान को स्वयं को करना होगा। बाजार में अनेक प्रकार के महंगे दामों पर बीज बिक रहा है। लेकिन वह अनुकूल वातावरण के बिना पैदावार नही देगी जबकि देसी बीज हर परिस्थिति में अच्छी पैदावार देगा। प्रान्त कोषाध्यक्ष प्रकाश मेहता ने बताया कि संगठन वर्ष में हमे अधिक से अधिक गांवों में जाकर ठााम समितियो का निर्माण करवाना चाहिए। संभाग सहमंत्री मिठू लाल रेबारी ने बताया कि वर्तमान समय में देश को जैविक खेती की बहुत जरूरत है किसानों की जैविक खेती देश और समाज के लिए उपयोगी है इसे सभी को करना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री लाभ चन्द, संभाग उपाध्यक्ष छगन लाल, जिला उपाध्यक्ष भूरा लाल, जिला सरंक्षक माधव लाल सहित कई किसान उपस्थित थे।

### विधायक क्रिकेट कप का शुभारंभ

**देवगढ़, (निसं)।** नगर के करणी माता स्टेडियम में भीम विधायक हरि सिंह रावत के मुख्य अतिथ्य में विधायक क्रिकेट कप का शुभारम्भ हुआ ।कार्यक्रम के अध्यक्ष देवगढ नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर रहे।विधायक क्रिकेट कप का उद्घाटन मुख्य अतिथि हरीसिंह रावत ने फीता काटकर किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक हरि सिंह रावत को 251 फीट का साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।उक्त प्रतियोगिता 4 दिन तक चलेगी जिसमे दूर दराज की टीमें भाग लेंगी।विजेता टीम को 55000 की पारितोषिक राशि एवं उपविजेता को 21000 की राशि प्रदान की जाएगी उद्घाटन मैच आदर्श ज्वेलर्स देवगढ़ और शेखावास के बीच खेला गया।जिसमें आदर्श ज्वेलर्स देवगढ़ टीम विजय रही। कार्यक्रम के इस मौके पर मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश कंसारा के द्वारा किया गया ।इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, भंवरलाल शर्मा अमर सिंह चौहान, एडवोकेट नारायणसिंह,चंद्रभानसिंह आरती कच्छावा , डॉ लविषा, आशा सेन ,अर्जुन गुर्जर, शंकर गुर्जर, कानसिंह चौहान नारायणसिंह काछबली,राजेन्द्र सेठिया, अर्जुन गवारिया,कैलाश गर्ग, किशन गुर्जर आदि उपस्थित रहे ।

### राहुल गांधी के खिलाफ की नारेबाजी

**उदयपुर,(कासं)।** संसद परिसर में गत दिवस हुई धक्का मुक्की की घटना एवं भाजपा सांसदों के घायल होने पर शुक्रवार को उदयपुर भाजपा की ओर से कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जगह.जगह टायर जलाकर कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की गई। देहलीगेट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली ने कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार की टिप्पणी अमित शाह के बारे में की है वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान को तोड.मरोडकर पेश किया गया। अमित शाह ने बाबा साहब के संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के बारे में कहा लेकिन कांग्रेस अनर्गल आरोप लगा रही हैं।

# मेवाती समाज ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

**राजसमन्द।** मेवाती समाज के सैकड़ों लोगों ने कपासन नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाज के भूखण्ड पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आवाज उठाते हुए सम्पूर्ण समाज के हित को ध्यान में रखकर इस सम्बन्ध में शीघ्र ठोस कार्रवाई अमल में लाने की पुरजोर मांग की है।

कपासन, मावली , उदयपुर, निकुंभ, सांगानेर भीलवाड़ा, सहित कई

- समाज के भूखंड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ हुए एकजुट
- पालिका उपाध्यक्ष पर लगाया झूठे कागजात बनवाने का आरोप

कस्बों व गांवों के विभिन्न क्षेत्रों से मेवाती समाज के बड़ी संख्या में लोग कपासन शहर में पूर्व निर्धारित स्थान पर एकत्रित हुए। वहां से एक साथ रवाना होकर कपासन नगरपालिका कार्यालय पहुंचे जहां प्रदर्शन किया तथा अधिशाषी अधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। साथ ही समाजजनों ने वार्ता के दौरान ईओ को पूरे मामले से अवगत कराया एवं इस सम्बन्ध में विस्तृत तथ्यात्मक जानकारी दी वहीं इससे जुड़े दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। ज्ञापन में बताया गया कि तन्जीमे मेवातियांन खेराड मेवाड़ संस्था के नाम से एक कपासन में गुलाब नगर दरगाह के सामने कपासन खरीदशुदा एक भूखंड स्थित है। ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया गया कि समाज के उक्त क्रय किए गए भूखंड पर कपासन नगरपालिका मण्डल के उपाध्यक्ष एजाज खान द्वारा नगरपालिका कपासन के उच्च अधिकारी से मिलीभगत कर अवैध व झूठे कागजात बना लिए गए तथा बदनियतिपूर्वक समाज की उक्त जमीन को हड़पने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान समामजनों ने आक्रोश जताया तथा कहा कि इसके विरूद्ध तत्काल ठोस कार्रवाई होनी चाहिए ताकि समाज का अहित न हों। समाजजनों ने ईओ से तत्काल इस बारे में कदम उठाने की पुरजोर मांग की। इस अवसर पर समामजनों ने इस बारे में कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समाज द्वारा बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान सदर हाजी अकील हुसैन मेवाती, सचिव आबिद हुसैन मेवाती, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ मेवाती, उस्मान मेवाती, सलीम मेवाती, इकबाल हुसैन, साबिर मेवाती, एडवोकेट आरीफ मोहम्मद मेव सहित समाज के कई वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समााजजन उपस्थित थे।



ज्ञापन देने पहुंचे मेवाती समाज के लोग।

# अमित शाह का पुतला फूंका

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को जिलाधीश कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाने और देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न् बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने पर पुतला जलाया।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के बाद भाजपा उस घृणित घटना पर शर्मिंदा होने की जगह कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश से रोक रही है साथ ही नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवा रही है इन्हीं घटनाओं के विरोध में देश के गृहमंत्री अमित शाह का जिलाधीश कार्यालय के बाहर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।विरोध प्रदर्शन के बाद उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार का अहिंसा में इतना विश्वास है कि गांधी परिवार ने राजीव गांधी के हत्यारों के मृत्युदंड को भी माफ कर दिया था। और भाजपा वाले नेता विपक्ष राहुल गांधी पर इस तरह का बेतुका आरोप लगा रहे है।

## ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला आंगनवाडी महिला कर्मचारी संघ, डूंगरपुर ने आंगनवाडी कर्मचारियों की जायज मांगो के निराकरण की मांग को लेकर अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कलक्टर को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा सौपे गये ज्ञापन में बताया कि आंगनवाडी कर्मियों को टीएचआर पौषाहार भरने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में नेटवर्क इश्यू की काफी समस्या है।

## साधारण सभा में हंगामा

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख सूर्या अहारी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। जल जीवन मिशन के कार्यों में लेटलतीफी अधूरे कामों पर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए। मनरेगा योजना में वर्ष 2025-26 की 32 अरब 56 करोड 52 से ज्यादा की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

लंबे समय बाद हो रही बैठक में सबसे पहले सागवाडा विधायक शंकर डेचा, चौरासी विधायक अनिल कटारा और आसपुर विधायक उमेश मीणा का स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं, इसके बाद बैठक शुरू हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यो का मुद्दा छाया रहा। सदस्यों ने मिशन के तहत अधूरे कार्यो पर जलदाय विभाग को खूब सुनाया और लापरवाही के आरोप लगाए। सदस्यों ने कहां कि जलदाय विभाग के ठेकेदारों ने पंचायतों में पाईप लाइन बिछाने के लिए सडकों को खोद डाला, लेकिन डेढ से 2 साल का समय बीतने के बाद भी ना तो योजना में काम पूरा हुआ है और न ही लोगों के घर तक नलों में पानी पहुंचा है।

# एम.पी.यू.ए.टी. का दीक्षांत समारोह आज

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर का 18 वां दीक्षांत समारोह शनिवार सुबह 10.45 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के माननीय राज्यपाल व कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे करेंगे। दीक्षांत उद्बोधन प्रख्यात वैज्ञानिक व असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के पूर्व कुलपति डॉ. अमरनाथ मुखोपाध्याय प्रदान करेंगे।

विवि कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने शुक्रवार को कुलपति सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे कुल शुभांक 1181 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान करेंगे। इनमें 790 छात्र व 391 छात्राएं हैं। इसके अलावा अकादमिक वर्ष 2023-24 में उत्तीर्ण 938 स्नातक, 181 निष्णात (पीजी) व 62 विद्या वाचस्पति (पीएचडी) अभ्यर्थियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी।

साथ ही विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों तथा विभिन्न संकायों के प्रतिभावान योग्य 42 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। पदक विजेताओं में 57 प्रतिशत भागीदारी के साथ 24 छात्राएं व 18 छात्र हैं। डॉ. कर्नाटक ने बताया कि शनिवार सुबह राज्यपाल विवि परिसर स्थित विवेकानन्द सभागार, डेयरी व खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सामने पहुँचेगे जहाँ एन.सी.सी. कैडेट उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर देंगे।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वागत उपरांत राज्यपाल महोदय एकेडेमिक प्रोसेशन के संग सभागार में पहुंचेंगे जहां दीक्षान्त समारोह का होगा। कुलाधिपति के शुभारंभ उद्घोष के उपरांत कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक विवि का एक वर्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। दीक्षांत समारोह में एक विशिष्ठ आयोजन के अंतर्गत विवि की विगत दो वर्षो में अर्जित उपलब्धियों तथा नेतृत्व द्वारा दिए गए प्रेरक व दूरदर्शी व्याख्यानों पर आधारित दो प्रकाशनों का भी राज्यपाल विमोचन करेंगे। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को सुधांशु सिंह, कुलसचिव, डॉ. लोकेश गुप्ता, समारोह समन्वयक व डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा डॉ. राम हरी मीणा, परीक्षा नियंत्रक के निर्देशन में अंतिम रूप दिया गया।


कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए।

## सार-समाचार

### ग्लोबल सुपर किंग विजेता



**बांसवाड़ा, (निसं)।** बांसवाडा सिन्टेक्स ग्रुप की ओर से आयोजित इन्टर युनिट वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अन्तिम दिन विविंग 2 वॉरीयर एवं ग्लोबल सुपर किंग टीमों के बीच फाईनल मैच खेला गया। रोमाचंक मुकाबले को ग्लोबल सुपर किंग ने 2-1 से जीत लिया एवं उपविजेता विविंग 2 वॉरीयर टीम रही। विजेता टीम के कप्तान पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एवं उपविजेता टीम के कप्तान दिव्यांग ठाकुर ने अतिथियों से रनिंग ट्रॉफी प्राप्त की। अतिथियों ने टूर्नामेन्ट के जनरल रेफरी रणसिंह रूयल, कमेन्ट्रेटर रविन्द्र परिहार व सुरेन्द्र सिंह शेखावत एवं स्कोरर विशाल सिंह का सम्मान किया। आठ दिनों तक प्रतियोगिता में बांसवाडा सिन्टेक्स ग्रुप की 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सीनियर वाईस प्रेसीडेन्ट बीटीएम प्रशांत जोशी रहे जबकि अध्यक्षता वाईस प्रेसीडेन्ट फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट कमलेश कुमार न्याती ने की एवं विशिष्ट अतिथि देवेश सिन्हा व शैलेश चौबीसा रहे। मुख्य अतिथि जोशी ने मैचों के सफल आयोजन के लिये आयोजक कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि मैच में किसी एक का हारना तो निश्चित है लेकिन हारे हुए खिलाडी स्वयं को हारा हुआ न माने क्योंकि उन्होंने अन्तिम क्षणों तक मुकाबला किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में न्याती ने कहा कि संस्थान में इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिये जिससे कर्मचारियों में चुस्ती और स्फूर्ती बनी रहती है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने पर पुष्पेन्द्र सिंह, नीरज रख एवं राज पटेल की भी प्रशंसा की। संचालन सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने किया जबकि आभार रीतेश व्यास ने माना। मिल के डिप्टी जीएम अनुराग दुबे ने बताया कि समापन समारोह में संजीव निगम, संदीप शर्मा, रूपेश संचेती, सत्यप्रकाश आर्या, अमरेन्द्र मेहता, जवाहर प्रसाद एवं मिल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### धमकाने का मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** मुकदमा उठाने की धमकी देकर मारपीट करने के मामले में आरोपी दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नारायणलाल पुत्र ओमप्रकाश गरासिया निवासी आमडा थाना पानरवा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मैं कस्बे में सिलाई का काम करता हूं। 19 दिसंबर सांय आरोपी सोहनलाल पुत्र भेरूलाल तथा भूरीलाल पुत्र भेरूलाल गरासिया निवासी आमडा शराब के नशे में मेरी दुकान पर आए तथा लट्ठ से मेरे साथ मापीट की। इस दौरान आरोपी ने पूर्व में दर्ज प्रकरण को लेकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठोड़ के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी अंकित कुमार सामरिया के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी बलवंतसिंह सिसोदिया ने मामले में जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर दोनों भाईयों को गिरफ्तार किया।

### जेवरात चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित निलम भट्ट पत्नी अशोक भट्ट निवासी सी ब्लॉक सेक्टर 9 सविना ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 18 दिसंबर सांय मैं मकान पर ताला लगा कर सब्जि लेने के लिए गई थी। करीब एक घंटे बाद लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो दो सोने के मंगलसूत्र, 2 सोने के कडे, चांदी के पायल, बिछिया, बिस्किट सहित करीब आधा किलों चादी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### युवक का शव पांचवें दिन मिला

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के बडी तालाब में डूबे युवक का शव पांचवे दिन रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर शाम नाई थाना क्षैत्र बडी तालाब किनारे स्कूटी पड़ी होने की सूचना मिलने पर युवक के तालाब में कूद कर डूबने की आशंका के चलते सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी थी। घटना के पांचवे दिन शुक्रवार को मृतक को बाहर निकालने में सफलाता मिली। जहां मौजूद नाई थानाधिकारी नरपतसिंह, हेडकांस्टेबल मंगेजाराम, कांस्टेबल संदीप, प्रदीप मौके पर पहुंचे। इस पर वहा मौजूद गणेश टेकरी भुपालपुरा निवासी उदयलाल साहूं ने मृतक की शिनाख्त अपने भानजे सुमित साहू (25) पुत्र कैलाश साहू के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने मृतक का शव एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।मृतक का शनिवार को पोस्टमार्टम होगा।

### दम तोड़ा

**उदयपुर,(कासं)।** सविना थाना क्षेत्र अंबामाता घाटी निवासी बसंती बाई (58) पत्नी दोलाजी को बेल ने सिंग मार कर घायल कर दिया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल प्रितम ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन एवं एडीएम सिटी वारसिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। सर्वप्रथम सदस्य सचिव एवं एसई पीडब्ल्यूडी राजीव अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए गत बैठक कार्यवाही विवरण पर चर्चा की। एडीएम सिटी ने शहर सहित जिले भर में यातायात व्यवस्था को सुचारू करनने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने शहर में पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि आमजन और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठानी पड़े।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने हाईवे से सट कर शराब की दुकान स्थापित होने से यातायात में व्यवधान की बात कही। साथ ही कई स्थलों पर हाईवे से लगती जमीनों पर छोटे-छोटे केबिन, ढाबे आदि स्थापित किए जाने तथा सर्विस लाइन की फेंसिंग तोड़ रास्ता बना दिए जाने से हादसों की आशंका जताई। इस पर एडीएम सिटी ने हाईवे की सेंटर लाइन से सटे निर्माणों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रशासन, पुलिस और आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही फेंसिंग तोड़ने के मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में ट्रेफिक लाइट स्थापना व सुधार कार्य पर चर्चा की गई।

# गृहमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद, (निसं)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के सन्दर्भ में हाल ही में दिए वक्तव्य पर कडा आक्रोश जताते हुए अखिल भारतीय भीमसेना सहित विभिन्न दलित संगठनों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु के नाम एडीएम नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंपाकर गृहमंत्री के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने एवं पद से बर्खास्त कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

अखिला भारतीय भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, संयुक्त दलित मंच संयोजक एसएल भाटी, महिला विंग नाथद्वारा तहसील अध्यक्ष रेखा जटिया, दलित आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड, वरिष्ठ संरक्षक किशन कबीरा आदि के नतृत्व में विभिन्न दलित संगठनों से जुडे कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने गृहमंत्री के बयान को लेकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व विरोध व्यक्त किया। ज्ञापन में आत्र्क्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संसद भवन में सांसदों की उपस्थिति में आयोजित कार्यत्र्क्रम में गृहमंत्री ने डॉण् अम्बेडकर के बारे में व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि अब अम्बेडकर का नाम लेना फैशन हो गया है तथा लोग जितना अम्बेडकर का नाम लेते हैए यदि उतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग प्राप्त हो

- पद से बर्खास्तगी व मुकदमा दर्ज कराने की मां, दी आंदोलन की चेतावनी

जाता। ज्ञापन में बताया कि इस तरह गृहमंत्री ने बाबा साहेब का अपमान किया है, जिससे पूरे देश में दलित वर्ग के साथ सर्वसमाज में रोष व्याप्त हो गया है। देशभर में दलित संगठनों के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दल विरोध प्रदर्शन कर रहे है तथा इनमें आक्रोश बढता जा रहा है। ऐसी स्थिति में गृहमंत्री को अपने पद पर रहने का कोई हक नहीं रह गया है। ऐसे में उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि ऐसे बयान देकर दलित वर्ग को उकसाया गया, जिससे कानून व्यवस्था भी बिगड सकती है तथा ऐसा होता पर जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। ज्ञापन में गृहमंत्री के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम एवं महापुरूषों के अपमान को लेकर प्रकरण दर्ज कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर कोठारिया, दलित मंच संयोजक एसएल भाटी आदि ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा गृहमंत्री के खिलाफ्ऊ ठोस सकार्रवाई नहीं होने पर दलित वर्ग उग्र आंदोलन पर मजबूर होंगा एवं इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अग्रिम रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान भीम आर्मी के पूर्व कोर कमेटी सदस्य ईश्वरलाल सालवी, प्रमोद रेगर, भैरूलाल, अनुसूचिज जाति जनजाति विकास परिषद प्रदेश सचिव भगवती सालवी, नरेश रेगर, पुष्कर रेगर, मांगीलाल जनवाल, भगवानलाल सालवी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व जिलाध्यक्ष नारायणसिंह भाटी के नेतृत्व में कांकरोली मैन चौपाटी पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फुंका और नारेबाजी कर विरोध जताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह भाटी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंडबेकर के अपमान पर गृह मंत्री अमित शाह को मांफी से बचाने के लिए भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार का सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र रचा है। भाजपा की बेशर्मी देखिए की अमित शाह की मांफी से ध्यान भटकाने के लिए पहले राहुल गांधी के खिलाफ मिथ्या आरोप लगाया और फिर मनगढंत झूठ पर मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि पूरा देश जानता है कि कल कैसे भाजपा सांसदों ने पहले विपक्षी सांसदों को संसद में प्रवेश से रोका और फिर मांफी की मांग कर रहे दोनों सदनों के नेता विपक्ष और महिला सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की।

## 'योजनाओं को अन्तिम पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं'

**कपासन, (निसं)।** सभी विभागों के अधिकारी मिल कर राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें उक्त विचार कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने पंचायत समिति कपासन परिसर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय 19 दिसंबर 24 दिसमबर तक कार्यशाला सुशासन सप्ताह के समारोह के अवसर पर व्यक्त किया। कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर और एसडीएम राजेश सुवालका, व तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा, पंचायत समिति कपासन विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ,कपासन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शम्भू लाल जाट,मंडल, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर टेलर, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सहित आदि की उपस्थिति में प्रशासन गांवों की पंचायत समिति कपासन परिसर में सुशासन शिविर शुरू हुआ। इस अवसर पर विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने शिविर को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को सभी विभागों के अधिकारी मिलकर अन्तिम पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं जिससे उनको लाभ मिल सके। साथ ही इस अवसर पर एसडीएम राजेश सुवालका ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा सरकार द्वारा आयोजित शिविर का लाभ लाभार्थियों को अधिक से अधिक लेने आवाहन किया।

# पैडल-टू-जंगल के आठवें संस्करण का आगाज


उदयपुर में पैडल-टू-जंगल का आगाज शुक्रवार को राजपाल सिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर किया।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन पीपल सोसाइटी, वन विभाग, पर्यटन विभाग एवं विश्व प्रकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वावधान में पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण का आगाज शुक्रवार को फतेहसागर की पाल से हुआ। इस दौरान देश के ख्यातनाम वन्यजीव विशेषज्ञ, राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य और एनटीसीए के पूर्व सदस्य राजपालसिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस रोमांचक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

अपने संबोधन में शेखावत ने वागड़-मेवाड़ को नैसर्गिक संपदा से समृद्ध बताया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से इस समृद्ध विरासत को

- प्रकृतिप्रेमी साइकिल पर सवार होकर निहारेंगे वागड़-मेवाड़ का प्राकृतिक व नैसर्गिक सौंदर्य

देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने सभी साइकिल यात्रियों से चर्चा की और अपने अनुभवों को संकलित करने का आ ान किया। आरंभ में ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पैडल टू जंगल के तहत संभागियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया। हरी झंडी दिखाने के बाद सभी साइकिल यात्री देवाली छोर से साइकिलों के माध्यम से रवाना हुए और फतेहसागर और शहर के प्रमुख स्थानों का राउंड लगाते हुए पुनः फतेहसागर पाल के ओवरफ्लो छोर पहुंचे। यहां पर अतिथियों ने अणुव्रत समिति की ओर से 50 इको फ्रेंडली कैरी बैग्स, डब्लूयूडब्लूयूएफ की तरफ से कैप्स व टीशर्ट तथा गुड्डी बैग्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह चौहान, रिटायर्ड सीसीएफ आईपीएस मथारू, डीएफओ मुकेश सैनी, प्रतापसिंह चूंडावत, डॉ.ललित जोशी, अरूण सोनी, अणुव्रत समिति की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन, म्करण सिंह कटारिया, शशि मेहता, केएस नलवाया आदि मौजूद रहे।

